हरीश चौधरी मिले राहुल गांधी से, डूडी मिले थे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से

- राजस्थान मसलों को लेकर वेणुगोपाल के साथ बैठक में राजस्थान के बूथ और नगर अध्यक्षों का सम्मेलन करना हुआ तय
- सह प्रभारियों ने सत्ता और संगठन को लेकर मिले फीडबैक की रिपोर्ट भी संगठन महासचिव को सौंपी

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस को लेकर दिल्ली में आज कई नेताओं की चर्चाएं और बैठकों का दौर चला। सबसे महत्वपूर्ण मुलाकात हरीश चौधरी की रही। पंजाब प्रभारी हरीश चौधरी ने दस जनपथ पर राहुल गांधी से मुलाकात की और उसके बाद में राहुल गांधी के साथ हरीश चौधरी गाड़ी से एक साथ 10 जनपद से निकले। इसे लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी ओर पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी भी इन दिनों दिल्ली में सक्रिय हैं और अभी हाल ही में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के साथ में लंबी चर्चा की थी। वहीं मंगलवार को कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राजस्थान के मामलों को लेकर प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित तीनों से प्रभारियों के साथ में बैठक की।

राजस्थान की इस बैठक में तय हुआ है कि राजस्थान कांग्रेस अपने बूथ पर नगर अध्यक्षों का सम्मेलन करेगी। इससे पहले 1 और 2 जुलाई को तमाम विधायकों और विधानसभा चुनाव हारे हुए उम्मीदवारों की दो दिवसीय कार्यशाला सालासर में की जाएगी। मंगलवार को नई दिल्ली में कोंग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा राजस्थान के तीनों सह प्रभारी अमृता धवन, वीरेंद्र सिंह और काजी निजामुद्दीन की बैठक में इस बारे में रणनीति तैयार की गई। इसी के साथ संगठन विस्तार और जिला अध्यक्षों की सूची को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक के बाद राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बताया कि आज की बैठक में संगठन के विस्तार और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की घोषणा को लेकर चर्चा हुई। इसी के साथ सह प्रभारियों ने राजस्थान में अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा किया है, उस दौरान उन्हें संगठन और सत्ता को लेकर जो भी फीडबैक मिला है, उसकी रिपोर्ट भी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को दी गई है।

रंधावा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर भी जो फीडबैक सह प्रभारियों को जिलों के दोनों पर मिला है, उस बारे में भी विस्तार से संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ चर्चा की गई है। रंधावा ने कहा कि बैठक में तय किया गया है कि राजस्थान के सभी बूथ अध्यक्षों और नगर अध्यक्षों का सम्मेलन किया जाएगा और उसमें विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी से चर्चा की जाएगी।

विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने राजस्थान वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य पद से इस्तीफा दिया

सांगोद विधायक ने 23 जून को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपना त्याग पत्र भेजा

जयपुर (कासं)। कोटा के सांगोद क्षेत्र से विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने राजस्थान वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य पद से अपना इस्तीफा दिया है। उन्होंने गत 23 जून को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जो कि इस बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, को अपना त्याग पत्र भेजा है।

इस पत्र में विधायक भरतसिंह कुंदनपुरा ने लिखा कि "वन्यजीव संरक्षण और वनों में उनकी बचपन से रुचि थी, एक विधायक होने के नाते उन्होंने इस पर ध्यान भी दिया, लेकिन राजस्थान वाइल्ड लाइफ बोर्ड के अध्यक्ष होने के बावजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की रुचि वाइल्ड लाइफ संरक्षण में नहीं है। इसी कारण प्रदेश में वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठकें भी समय पर नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री ने कभी भी घोषित मुकंदरा टाइगर रिजर्व पार्क का अवलोकन तक नहीं किया।"

इस पत्र में भरत सिंह ने मुख्यमंत्री को आगे लिखा कि "वर्ष 2018-19 की बजट घोषणा के अनुसार अंता विधानसभा क्षेत्र में गोडावन प्रजनन केन्द्र का विकास होना था, अंता के विधायक व प्रदेश के एक भ्रष्ट मंत्री को आपने संरक्षण प्रदान कर गोडावन के संरक्षण कार्य को अंगूठा दिखाकर अपने पहले बजट घोषणा में राज्य पक्षी गोडावन की हवा निकाल दी।"

भरत सिंह ने कहा कि गत 20 जून 2023 को सी.एम.ओ. ने आदेश निकालकर वन विभाग के 39 आई.एफ.एस. की सूची के साथ-साथ बड़ी संख्या में तबादले किए है। इस विषय पर मैंने फोन पर वन मंत्री से बात की तो उनका कहना था कि सी.एम.ओ. ने उनसे चर्चा किए बिना ही यह स्थानांतरण किए हैं। यह अत्यंत खेदजनक है कि विभाग के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री को सी.एम.ओ. नजरअंदाज कर रहा है।

'बिना भौगोलिक दृष्टि के प्रदेश में बनाए गए ज़िले'

जयपुर। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐन केन प्रकारेण सत्ता के अंदर वापसी होनी चाहिए। इसके लिये सारे के सारे नियमों को दरकिनार कर सिर्फ़ वोट बैंक की राजनीति के आधार पर काम करने का जो प्रयास किया था वो अब इनके ऊपर भारी पड़ता नज़र आ रही है। राजनैतिक आधार के ऊपर सरकार को समर्थन देने वाले स्वतंत्र विधायकों के दबाव में और कई स्थान ऐसे हैं जहाँ राजनैतिक सियासी गोटियाँ सेकने के लिए ज़िलों की घोषणा की। अब एक ग्राम पंचायत जिला बन गई और दूसरा उपखंड हेडक्वार्टर ज़िले से वंचित रह गया। भौगोलिक दृष्टि से ज़िले की माँग पिछले 20 वर्षों से चली आ रही थी उनको नज़र अन्दाज़ रखा गया और ऐसी माँगें सरकार द्वारा मानने का काम किया गया जिन्हें जनता ने कभी माँग की ही नहीं और अब इस तरह के वाक़या पूरे प्रदेश के अंदर एक नहीं अनेक स्थानों के ऊपर सामने आ रहे हैं। सरकार ने अनूपगढ़ को जिला बनाया जिसका अन्य पंचायतें लगातार विरोध कर रही हैं इसी तरीक़े से जयपुर ज़िले के अंदर कल पुलिस के द्वारा बलप्रयोग करके जनता को दबाने की जो कोशिश की गई, वो अनुचित है।

900 अल्पकालीन बूथ विस्तारक प्रदेश में सात दिन प्रवास करेंगे

जयपुर। भाजपा के विशेष महासम्पर्क अभियान के तहत "मेरा बूथ सबसे मजबूत" कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को मध्यप्रदेश के भोपाल में हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बूथ प्रभारी और बूथ संयोजकों से सीधा संवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर से आए कार्यकर्ताओं से क्षेत्रवार विभिन्न विषयों पर सीधा संवाद किया। बूथ संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा स्तरीय कार्यकताओं ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ताओं का पूर्व में चयन कर उन्हे प्रशिक्षित किया गया है। बूथ संवाद कार्यक्रम के बाद बुधवार को 10 राज्यों के 900 अल्पकालीन बूथ विस्तारक कार्यकर्ता राजस्थान के विभिन्न मंडलों में 7 दिन के लिए प्रवास करेंगे। इन सभी अल्पकालीन बूथ विस्तारकों को अलग-अलग जिलों में बुधवार को प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देकर भाजपा मुख्यालय से रवाना किया जाएगा।

सरिस्का जंगल सफारी के लिए नए रूट शुरू करने की मांग

जयपुर (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर के सरिस्का में पर्यटकों के लिए मानसून सत्र में जंगल सफारी के लिए पाण्डुपोल रूट के अतिरिक्त रूट खुलवाने की मांग उठाई है। उन्होंने इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक को भी पत्र लिखा है। टीकाराम जूली ने अपने पत्र में कहा कि, "नेचर गाइड यूनियन बाघ परियोजना सरिस्का के नेचर गाइडों द्वारा ज्ञापन मिला है। जिसमें कहा गया है कि सरिस्का पार्क में मानसून सत्र के दौरान यहां अन्य सत्रों की अपेक्षा अधिक संख्या में पर्यटक भ्रमण के लिए आते है। यहां पर इस समय केवल पाण्डुपोल जाने वाला सीधा एक ही रूट खोला जाता है। वर्तमान में रणथंभौर पार्क में पर्यटकों के लिए 6-10 रूट खोले जाते है। सरिस्का में मानसून सत्र में तीन माह के लिए भ्रमण बंद कर दिया जाता है, जिस कारण यहां के जिप्सी चालक और नेचर गाइड बेरोजगार हो जाते है, जो कि इनका एकमात्र जीविकोपार्जन साधन है। इसलिए रणथंभौर पार्क की तरह ही सरिस्का जंगल सफारी मानसून सत्र के दौरान पार्क में पांडुपोल रूट के साथ-साथ दो अन्य रूट पर पर्यटकों को भ्रमण कराने की अनुमति दी जाए।

1.40 करोड़ से ज्यादा परिवार चिरंजीवी योजना में रजिस्टर्ड

- जयपुर में राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एंजेसी की 8वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक आयोजित
- वंचित परिवारों को भी योजना से जोड़ने के निर्देश

जयपुर। राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एंजेसी की 8वीं गवर्निंग बाडी की बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव ऊषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। मुख्य सचिव ने इस बात खुशी जाहिर की कि अब तक योजना से प्रदेश के 1 करोड़ 40 लाख से ज्यादा परिवार जुड़ चुके हैं। उन्होंने इस बात पर भी विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा की कि योजना में पंजीकृत परिवारों में से 93 प्रतिशत से ज्यादा परिवारों ने मंहगाई राहत कैम्पों में रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि जो परिवार अब भी योजना में पंजीकृत होने से वंचित रह गये है उन्हें भी इससे जोड़ा जाए। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की प्रगति और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और प्रगति पर संतुष्टि जाहिर की।

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि योजना में अब तक 4965 करोड़ से ज्यादा की राशि व्यय कर 44 लाख 95 हजार से ज्यादा मरीजों को कैशलेस उपचार का लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि योजना से जुड़े लोगों को राज्य से बाहर अंग प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विभाग के द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। अब योजना से जुड़ा कोई भी व्यक्ति राज्य के बाहर भी अंग प्रत्यारोपण करवाकर योजना का लाभ ले सकता है।

उन्होंने बताया कि राज्य के बाहर अंग प्रत्यारोपण के लिए जाने वाले मरीज व उसके एक सहयोगी के हवाई जहाज से आने-जाने के लिए 1 लाख रुपये तक की राशि के पुनर्भरण का प्रावधान भी किया गया है। इस दौरान राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुचि त्यागी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

'केंद्रीय जल शक्ति मंत्री का बयान बेशर्मी की पराकाष्ठा और देश की संघीय भावना के ख़िलाफ़'

रंधावा ने कहा, "नहर पर लोगों का जीवन निर्भर, इस मुद्दे पर बीजेपी द्वारा राजनीति हरगिज़ बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस"

जयपुर, (का.प्र.)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बीजपी की सरकार बनाने पर ईआरसीपी को मंजूर करने वाले बयान पर कांग्रेस आक्रामक हो गई है और इस बार राजस्थान से ही नहीं, बल्कि दिल्ली से कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस कम्युनिकेशन सेल के प्रमुख पवन खेड़ा ने ईआरसीपी को लेकर दिए गए गजेंद्र सिंह शेखावत के बयान पर कहा है कि इससे साबित हो गया कि भाजपा किस तरह से वोटों की राजनीति करती है और फिर अपने वादों को भूल जाती है। यह भाजपा का शर्मनाक चरित्र है।

राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा ईआरसीपी के संदर्भ में यह कहना कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बना दो, 46,000 करोड़ रुपये दे दूंगा उनकी राजस्थानियों के प्रति ओछी मानसिकता को दर्शाता है। इस नहर पर लोगों का जीवन निर्भर है,कांग्रेस इस मुद्दे पर बीजेपी द्वारा राजनीति हरगिज़ बर्दाश्त नहीं करेगी।

इस मुद्दे पर जयराम रमेश ने कहा कि जिन राज्यों की जनता बीजेपी को हराती है, उन राज्यों को प्रधानमंत्री का "आशीर्वाद" मिलना बंद हो जाता है। कर्नाटक हारने के बाद अन्न भाग्य योजना 2.0 के कार्यान्वयन में केंद्र सरकार जिस तरह से बाधा डाल रही है वो सबके सामने है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के मामले में भी मोदी सरकार ने कुछ ऐसा ही किया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री का बयान बेशर्मी की पराकाष्ठा है और देश के संघीय भावना के ख़िलाफ़ है।

कांग्रेस कम्युनिकेशन सेल के प्रमुख पवन खेड़ा ने अब गजेंद्र सिंह शेखावत पर पलटवार करते हुए कहा है कि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के बारे में दिया गया बयान राजस्थान की जनभावना का अपमान है। गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बना दो, 46,000 करोड़ दे दूंगा। यह बयान दर्शाता है कि बीजेपी को राजस्थान की जनता की पीड़ा से कोई सहानुभूति नहीं है।

मोदी व नड्डा के वर्चुअल संबोधन को डॉ. पूनिया ने मुरादाबाद में सुना

मुरादाबाद/जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से देशभर के 10 लाख बूथों पर करोड़ों बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, जिसे देशभर में बूथों पर वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों, पंचायतीराज व निकायों के जनप्रतिनिधियों द्वारा सुना गया।

वहीं भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ठाकुरद्वारा नगर मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ मेरा बूथ, सबसे मजबूत वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संबोधन को सुना। इससे पहले डॉ. पूनियां ने भाजपा के 'संपर्क से समर्थन अभियान' के तहत उत्तरप्रदेश के संभल लोकसभा क्षेत्र के चंदौसी में महाविद्यालय के प्राचार्य दानवीर सिंह यादव, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सर्वेश सक्सेना, डॉ. आलोक, डॉ. मनीष मल्होत्रा, डॉ. विजय कृष्णा से मिलकर मोदी सरकार के 9वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत कराया।

राज्यपाल को पुस्तक की प्रति भेंट

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र को मंगलवार को राजभवन में डॉ. अखिल बंसल ने पुस्तक 'अथाई के स्वर' की प्रथम प्रति भेंट की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मिलाप चंद डांडिया मौजूद थे।

मजबूत बूथ से ही मजबूत भाजपा : रामचरण बोहरा

जयपुर। सांसद रामचरण बोहरा ने बगरू विधानसभा के बगरू पूर्व मंडल में बूथ न. 122 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरा बूथ, सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री से संगठन एवं पार्टी की मजबूती के साथ-साथ सेवा और जनकल्याण हेतु भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। सांसद बोहरा ने कहा निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री से संवाद से पार्टी के हर कार्यकर्ता में जनसेवा हेतु असीम ऊर्जा मिली है। हम बूथ जीत कर ही चुनाव जीत सकते है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शंकर बागड़ा, बूथ अध्यक्ष भीम सिंह भाटी, सरपंच गीता चौधरी, गुलमोहर सोसायटी के अध्यक्ष मदन मोहन पारीक एवं अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश में एक करोना संक्रमित मिला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण का एक नया मामला जयपुर में सामने आया है। इससे पहले सोमवार और मंगलवार को राज्य में कोई भी नया संक्रमित नहीं पाया गया था। वहीं आज राज्य में किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने फिलहाल चार एक्टिव केस मौजूद है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9736 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम रूपचन्द कुम्हार (ROOPCHAND KUMHAR) के स्थान पर रूपचन्द (ROOP CHAND) रख लिया हैं भविष्य में मुझे मेरे परिवर्तित सही नाम रूपचन्द के नाम से जाना जावें। निवास: 4-ख 24 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शास्त्रीनगर, जयपुर 302016

सूचना

गुलाब पब्लिक उच्च प्राथमिक स्कूल रिण्डलिया बुजुर्ग तहसील मालपुरा जिला टोंक आवश्कयता : कक्षा एलकेजी से आठवीं तक शिक्षण कार्य हेतु अध्यापक / अध्यापिका एवं प्रधानाचार्य साक्षात्कार 28 जून 2023 प्रात: 8.30 बजे आरटीई के तहत नि:शुल्क प्रवेश प्रारम्भ

सचिव :
मोबाईल नं. 9828525535

आम सूचना

मैं वशिष्ठ शर्मा पुत्र सूर्य देव निवासी-16 ज्योति नगर, वैध जी का चौराहा, निवारू रोड, जयपुर का निवासी हु तथा उक्त आम सूचना के द्वारा हर आम व खास को सूचित करता हु कि मेरा लड़का सतीश विश्वकर्मा-उम्र 28 वर्ष पिछले 2 वर्ष से हमारे से अलग रह रहा है तथा मैंने अपने उक्त लड़के को पिछले 2 वर्षो से मेरी चल एवं अचल सम्पति से बेदखल कर रखा है। इसलिए हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे लड़के से अगर कोई भी व्यक्ति संव्यवहार करता है तो मेरी जिम्मेदारी नही होगी वशिष्ठ शर्मा

आम सूचना सूचित रहे कि मेरे अभिभाष्यगण राजूलाल रैगर पुत्र श्री रामचन्द एवं गीता देवी पत्नी श्री राजूलाल, निवासीयान-एफ-43/383, संजय नगर कच्ची बस्ती, चित्रकूट, जयपुर का पुत्र बृजेश कुमार मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नही है तथा उसका आचरण व व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के विपरीत है, इसलिए मेरे अभिभाष्यगण उसे अपने स्वामित्व की समस्त चल-अचल सम्पत्ति के अधिकारों से बेदखल करते हैं उससे अब कोई सम्बन्ध नही रहा। कोई भी व्यक्ति भविष्य में मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र बृजेश कुमार से कोई लेन देन एवं सम्बन्ध रखता है तो उसके लिए वे स्वंय जिम्मेदार होंगे।
जयपुर (राकेश यादव) एडवोकेट
दिनांक -27.6.23 मो. 9414254160

:आम सूचना:

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र रौनक जैन व पुत्रवधु नियन्ता जैन मेरे व मेरी पत्नी रेणु जैन के कहने में नहीं हैं तथा अपनी मनमर्जी करते है एवं स्वछन्द जीवन व्यतीत कर रहे है, उनकी उक्त हरकतों से परेशान होकर मेने व मेरी पत्नी ने दोनों को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब रौनक जैन व नियन्ता जैन से हमारा किसी भी प्रकार का कोई वास्ता नहीं रहा है, भविष्य में यदि कोई व्यक्ति, बैंक, सरकारी व गैरसरकारी वित्तिय संस्थान इनसे किसी भी प्रकार का लेन देन संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सत्यार्थी बाकलीवाल, श्रीमती रेणु जैन- 9413401259

आम सूचना मैं, मेरे अभिभाष्य राकेश कुमार बाली पुत्र स्व. श्री कुलबीर बाली निवासी 155 ए, बृज मण्डल कॉलोनी, झोटवाडा जयपुर राज. यह आम सूचना प्रकाशित करते हैकि उनके पुत्र प्रशान्त बाली आयु 30 वर्ष का व्यवहार मेरे अभिभाष्य के प्रति अच्छा नही है तथा उसकी गलत आदते व उसका गलत व्यवहार है इस कारण मेरे अभिभाष्य उसको समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है यदि कोई व्यक्ति उससे लेनदेन/संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
(सुरेन्द्र शर्मा) एडवोकेट, मो. 7976013903

TENDER NOTICE

Sealed tender are invited for purchase for Equipment for advance center for treatment of Hemiplegia, Stroke Patients and Normal Physiotherapy equipment by 30.06.2023.
Contact Incharge Physiotherapy Department
Shri Bhupendra Raj Mehta
Secretary: 9829056286

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति फर्स्ट फ्लोर फ्लेट, स्थित प्लाट नम्बर सी-2/474, योजना चित्रकूट योजना, अजमेर रोड, जयपुर, राज. कुल क्षेत्रफल 157.93 वर्गमीटर है। उक्त सम्पत्ति मूल प्लाट नम्बर सी-2/474 बाबूलाल सोनी को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रजिस्टर्ड लीज डीड दिनांक 30.9.2000 द्वारा प्राप्त हुई।बाबूलाल सोनी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.10.2008 द्वारा श्याम सुन्दर खुबानी को विक्रय कर दीश्याम सुन्दर खुबानी ने उक्त प्लाट में निर्मित फर्स्ट फ्लोर फ्लेट को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 6.10.2009 द्वारा शशि रंजन नन्दावत को विक्रय कर दिया। शशि रंजन नन्दावत के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनकी पत्नी श्रीमती मंजुला शशि रंजन नन्दावत, पुत्र अभिषेक शशि रंजन नन्दावत, पुत्री अंकिता शशि रंजन नन्दावत उक्त सम्पत्ति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 22.5.2015 द्वारा श्रीमती मंजुला शशि रंजन के हक में त्याग कर दिया।इस प्रकार श्रीमती मंजुला शशि रंजन उक्त सम्पत्ति फ्लेट की एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक स्वामी अधिकारी काबिज हुई, अब श्रीमती प्रीति सिंह उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रही है, जिस बाबत मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था (HDFC Ltd.) से ऋण ले रही है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोईआपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट (एस.आर.एम. पार्टनर)
पता-82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड,
दिनांक 27.6.2023 निर्माण नगर, जयपुर राज.

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
क्रमांक : 3071 दिनांक : 21.3.2023
आवश्यक सूचना

मूलत: व्यावसायिक भूखण्ड संख्या CD-11 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी श्री राजेश कुमार को आवंटन पत्रांक 3318 दिनांक 04.11.2020 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1771 दिनांक 20.09.2022 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र स्वयं के पक्ष में दिनांक 28.9.2022 को उप पंजियक भिवाडी में पंजिकृत करवाया जा चुका है। इनके द्वारा दिनांक 30.5.2022 के पंजीकृत मुख्यतारनामा द्वारा श्री प्रदीप कुमार को मुख्यतारआम धारक नियुक्त किया गया है। श्री प्रदीप कुमार द्वारा मुख्यतारआम धारक की हैसियत से द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का विक्रय दिनांक 15.11.2022 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्री हरिसिंह पुत्र श्री हर चन्द को किया गया है।

श्री हरिसिंह द्वारा स्वयं के नाम से व्यावसायिक भूखण्ड का लीज डीड परिवर्तन करने के लिए प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क एक बार विक्रय का राशि रुपये 2000.00 जमा कराकर चालान व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष में किया जावे। अत: जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त व्यावसायिक भूखण्ड संख्या CD-11 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के संबन्ध में किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विषेश या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में अवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री हरिसिंह पुत्र श्री हर चन्द के पक्ष में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या CD-11 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी जिला अलवर के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-भिवाडी